महत्वपूर्ण/प्राथमिकता

पत्रसंख्या--स0नि0--जियो टैगिंग--परिसम्पत्तियां/2021--22/ 672 /वाणिज्य कर

कार्यालय--कमिश्नर वाणिज्य कर, उ0 प्र0, लखनऊ।
(सम्पत्ति--अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक :: फरवरी, 09, 2022

1-- समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर उ0 प्र0।
2-- अपर निदेशक, प्रशिक्षण संस्थान गोमती नगर लखनऊ।
3-- डिप्टी कमिश्नर (प्रभारी--नजारत) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।

विषय-- प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों, योजनाओं एवं परियोजनाओं के नियोजन, कियान्वयन, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण को जियोग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जी0आई0एस0) मैपिंग की स्थिति उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया उपरोक्त विषयक मुख्यालय के पत्र संख्या 612 दिनांक 07.01.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा शासन के पत्र संख्या-- राज्य कर--4--682/11--2021 दिनांक 31.12.2020 से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों, योजनाओं एवं परियोजनाओं के नियोजन, कियान्वयन, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण को जियोग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जी0आई0एस0) आधारित प्रणाली के माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध में जी0आई0एस0 डेटा/मेटाडेटा एवं सृजित परिसम्पत्तियों की जियो टैगिंग किये जाने के सम्बन्ध में अद्यतन सूचना निर्धारित प्रारूप (छायाप्रति संलग्न) में प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

उल्लेखनीय है कि शासन ने पत्र संख्या-- 77/11--2--2022 दिनांक 04.02.2022 से अनुस्मारक पत्र प्रेषित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर वांछित सूचना निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश पुनः दिये गये हैं किन्तु आपके अधीनस्थ कार्यालयों की वांछित सूचना अभी तक मुख्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गयी है जिसके कारण शासन को सूचना प्रेषित किया जाना सम्भवन नहीं हो पा रहा है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि **वाणिज्य कर विभाग की** परिसम्पत्तियों की सूचना निर्धारित प्रारूप में तत्काल उपलब्ध कराये जाने हेतु आपके जोन के अन्तर्गत अधीनस्थ सक्षम स्तर के अधिकारी को निर्देशित कर दें कि बिना अनुस्मारक की प्रतीक्षा किये उपरोक्त वांछित सूचना को सत्यापित करते हुए ई--मेल आई0डी0-- **ctconshqlu-up@nic.in** पर तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

ज्ञातव्य है प्रश्नगत कार्य की समीक्षा शासन स्तर पर निरन्तर की जा रही है।

09/02/2022
(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर उ0प्र0।
प्रभार--एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।

1-- ज्वाइण्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय साइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर उ0प्र0।
प्रभार--एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

4020
10-2-22